# इरेडा द्वारा 5 वर्षों के लिए ग्रीन एनर्जी परियोजनाओं के लिए एनएचपीसी को सपोर्ट ; एमओयू पर हस्ताक्षर




नई दिल्ली, दिनांक : 8 जनवरी, 2021

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा ) ने आज नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास में अपनी तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए एनएचपीसी लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया ।

दोनों कंपनियां क्रमशः नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और विद्युत मंत्रालय के तहत सार्वजनिक उपक्रम हैं।

(एमओयू) के तहत, इरेडा द्वारा एनएचपीसी के लिए नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता और संरक्षण परियोजनाओं के लिए तकनीकी-वित्तीय ड्यू डेलिजेंट से संबंधित कार्य किया जाएगा । इरेडा अगले 5 वर्षों के लिए अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को सृजित और हासिल करने के लिए एक कार्य योजना विकसित करने में एनएचपीसी की सहायता करेगा।

एमओयू पर श्री प्रदीप कुमार दास, सीएमडी, इरेडा और श्री अभय कुमार सिंह, सीएमडी, एनएचपीसी लिमिटेड, श्री चिंतन शाह, निदेशक (तकनीकी), इरेडा, श्री वाई. के. चौबे, निदेशक (तकनीकी), श्री आर.पी.गोयल, निदेशक (वित्त) और श्री बिस्वजीत बसु, निदेशक (परियोजनाएं), श्री वी. के. मैनी, कार्यपालक निदेशक (व्यवसाय विकास), एनएचपीसी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में वर्चुअल मोड के माध्यम से हस्ताक्षर किए गए।

एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए, सीएमडी, इरेडा ने कहा कि "एमओयू का मुख्य आकर्षण है अक्षय ऊर्जा के विकास में इरेडा द्वारा किए जा रहे सतत प्रयास मान्य प्रधानमंत्री के 'आत्म निर्भर भारत' के विज़न के अनुरूप है । यह दोनों संगठनों के बीच एक सही तालमेल हासिल करने के लिए इरेडा और एनएचपीसी के लिए एक परिवर्तनकारी अवसर है। यह ज्ञान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करेगा और परामर्श और अनुसंधान सेवाएं प्रदान करेगा, जो देश के सतत विकास में योगदान देगा। एनएचपीसी के साथ समझौता ज्ञापन पिछले एक महीने के अंदर इरेडा द्वारा हस्ताक्षरित दूसरा समझौता ज्ञापन है। इरेडा ने दिसंबर, 2020

के दौरान एसजेवीएन लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे । हम अपनी परामर्शी सेवाओं को अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के साथ-साथ निजी संगठनों के लिए  नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए विस्तारित करने की आशा करते हैं।"